पंजाब केसरी 21/01/2026

नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए संचार कौशल विकास अत्यंत उपयोगी : डॉ. रोहित दत्त

■ जी.एम.एन. कॉलेज में हुआ 'स्पीकवैल मास्टर प्रोग्राम फॉर फ्यूचर हैल्थकेयर लीडर्स' कार्यक्रम

जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित 'स्पीकवैल मास्टर प्रोग्राम फॉर फ्यूचर हैल्थकेयर लीडर्स' कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। (संजय)

अम्बाला, 20 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज की भाषा प्रयोगशाला द्वारा 'स्पीकवैल मास्टर प्रोग्राम फॉर फ्यूचर हैल्थकेयर लीडर्स' नामक संचार कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जी.एम.एन. कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं जी.एन.एम. के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य भविष्य के स्वास्थ्य कर्मियों के पेशेवर संचार कौशल को सशक्त बनाना था।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने भाषा प्रयोगशाला टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए संचार कौशल विकास अत्यंत उपयोगी एवं समयानुकूल है। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में ऐसे कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभावी संवाद, वार्तालाप कौशल तथा आत्मविश्वास विकास पर केंद्रित अनेक संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को समूह चर्चा, भूमिका निर्वहन तथा अभ्यास आधारित सत्रों के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि वे अपने सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में प्रभावी रूप से लागू कर सकें।

इन सत्रों का संचालन प्रो. हर्षिता द्वारा अत्यंत प्रभावी एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। यह समस्त गतिविधियां प्रो. कमलप्रीत कौर एवं प्रो. मेहक तलवार के मार्गदर्शन एवं सतत् पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। उनके पेशेवर दृष्टिकोण, समर्पण तथा निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप कार्यक्रम का सफल, अनुशासित एवं उद्देश्यपूर्ण आयोजन संभव हो सका।